जैक्वार ग्रुप ने इंदौर में अपना ग्लोबल जैक्वार वर्ल्ड शोरूम लॉन्च किया

भोपाल। जैक्वार ग्रुप ने इंदौर के स्टार चौराहे के पास एमआर 10 रोड पर अपना नया ग्लोबल जैक्वार वर्ल्ड शोरूम लॉन्च किया है। 58,000 वर्ग फुट में फैला यह चार मंजिला प्रमुख स्टोर देश के सबसे बड़े जैक्वार वर्ल्ड में से एक है, जहां ग्राहकों को बाथरूम और लाइटिंग सॉल्यूशंस की व्यापक रेंज के साथ एक्सपर्ट कंसल्टेशन भी मिलेगा। इस भव्य उद्घाटन में दिग्विजय काठीवाड़ा, राजेश मेहरा और किशन मेहरा मौजूद रहे। डायरेक्टर राजेश मेहरा ने कहा कि इंदौर उनके लिए विशेष शहर है और यहां ग्राहकों को बेहतरीन डिजाइन, तकनीकी मार्गदर्शन और वर्ल्ड-क्लास उत्पाद एक ही जगह उपलब्ध कराए जाएंगे। शोरूम में आर्टिज (लक्जरी), जैक्वार (प्रीमियम) और एस्को (वैल्यू) सहित ग्रुप के सभी प्रमुख ब्रांड प्रदर्शित किए गए हैं।